**Booklet Serial No.**
1125077

# 10/CME/M–2025-02

पुस्तिका शृंखला

**C**

प्रश्न–पुस्तिका

## सामान्य हिन्दी

पत्र – II

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

समय : 01 घण्टा

पूर्णांक : 100

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल **50** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उँत्तर पत्रक प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
5. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर बायीं ओर मुद्रित शृंखला एवं उत्तर पुस्तिका पर मुद्रित शृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में रफ कार्य हेतु दो पृष्ठ (पृष्ठ सं. 11 और 12) सहित पूरे 12 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका में मुद्रित शृंखला में अन्तर तो नहीं है। पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रिका ले लें।**
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर — (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं — Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को **काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
9. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
10. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
11. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

PMW Civil Sprinto

PMW Civil Sprir

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक) :** निम्नलिखित प्रत्येक वाक्य में एक शब्द रेखांकित है । प्रत्येक रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने एक-एक शब्द लिखा गया है । इनमें से रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

1. "उत्थान – पतन है नियम प्रकृति का"
   (A) उदारता
   (B) उपासना
   (C) उत्साह
   (D) उत्कर्ष

2. "विश्व के नीरव निर्जन में जब करता हूं बेकल, चंचल, मानस को कुछ शांत ।"
   (A) नीरज
   (B) निष्पत्ति
   (C) निःशब्द
   (D) क्षुद्र

3. उपवन के पुष्पों में परिमल है ।
   (A) पराग
   (B) भंवरा
   (C) सुवास
   (D) ताजगी

4. मुकुर देख राधा मुस्काई ।
   (A) आरसी
   (B) सखी
   (C) पुष्प
   (D) कृष्ण

5. कालिंदी किनारे तमाल के वृक्ष हैं ।
   (A) यमुना
   (B) सागर
   (C) सरोवर
   (D) गंगा

**निर्देश (प्रश्न संख्या 6 से 10 तक) :** निम्नलिखित मुहावरों के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अर्थ दिए गए हैं । इनमें से उपयुक्त अर्थ को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

6. अंगूठे पर मारना
   (A) सावधान हो जाना
   (B) अचानक घात करना
   (C) अस्त व्यस्त करना
   (D) परवाह न करना

7. ऊंट के मुंह में जीरा

(A) अपर्याप्त वस्तु

(B) पराजित होना

(C) टालमटोल करना

(D) रेगिस्तान में फंसना

8. कच्ची गोटी खेलना

(A) असफल प्रयास करना

(B) कड़ा मुकाबला करना

(C) चापलूसी करना

(D) भाग जाना

9. घास छीलना

(A) खूब मिलजुल कर रहना

(B) व्यर्थ समय गंवाना

(C) जगह साफ करना

(D) मरम्मत करना

10. ढोल में पोल

(A) प्रचार करना

(B) अधिक खर्च करना

(C) बड़ों में दुर्गुण

(D) धोखे में डालना

**निर्देश (प्रश्न संख्या 11 से 15 तक) :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

वह अपने पति का स्थान छोड़ने पर प्रस्तुत न होगी, वह भी मेरा मन जानता था और उस बालक के बिना उसका जीवन कितना दुर्वह हो सकता है यह भी मुझे छिपा न था । फिर नौ साल के कर्तव्यपरायण घीसा की गुरु-भक्ति देखकर उसकी मातृ-भक्ति के संबंध में कुछ संदेह करने का स्थान ही नहीं रह जाता था और इस तरह घीसा वहीं और उन्हीं कठोर परिस्थितियों में रहा, जहां क्रूरतम नियति ने केवल अपने मनोविनोद के लिए ही उसे रख दिया था ।

11. घीसा किसके मनोविनोद का साधन था ?

(A) साथी बच्चे

(B) उसकी मां

(C) लेखिका

(D) नियति

12. उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है ?

(A) कठिन समय

(B) गुरु–भक्ति

(C) घीसा

(D) मनोविनोद के साधन

13. "घीसा" की कौन–सी विशेषता, लेखिका को, उसे अपने साथ ले जाने से रोकती है ?

(A) अभिमानी

(B) वाचाल

(C) कर्तव्यपरायण

(D) मातृभक्त

14. "वह" कौन है ?

(A) लेखिका की परिचारिका

(B) गांव की स्त्री

(C) लेखिका स्वयं

(D) घीसा की मां

15. "दुर्वह" शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) भाग्य

(B) भाषा

(C) असहनीय

(D) भूख

**निर्देश (प्रश्न संख्या 16 से 20 तक) :** निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग–अलग शब्द दिए गए हैं । इनमें से शुद्ध शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

16. अंताक्षरी

(A) अंतक्षरी

(B) आंतक्षरी

(C) अंत्याक्षरी

(D) अंताक्षारी

17. दुसाध्याय

(A) दुस्साध्य

(B) दुसाध्यय

(C) दुसाध

(D) दुसाध्य

18. कविथित्री

(A) कवियत्री

(B) कवीयत्री

(C) कवयित्री

(D) कवियत्रि

19. पूज्यनीय

(A) पूजनीय

(B) पुजनीयों

(C) पुजनीय

(D) पूज्जनीय

20. अनुग्रहीत

(A) आनुग्रहित

(B) अनुगृहीत

(C) अनुग्रहित

(D) अनुग्रृहीत

**निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 30 तक) :** यहां दस वाक्य दिए गए हैं । प्रत्येक वाक्य में चार विकल्प हैं । इनमें से जो शुद्ध वाक्य हो, उसके लिए निर्धारित (A), (B), (C) और (D) में से कोई एक उत्तर के रूप में उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

21. उसने केवल दस रुपए ही पाकर संतोष कर लिया ।

(A) उसने दस रुपए ही पाकर संतोष कर लिया ।

(B) उसने केवल दस रुपए ही पाकर संतोष ले लिया ।

(C) उसने केवल दस रुपए पाकर ही संतोष कर लिया ।

(D) उसने दस रुपए पाकर संतोष ही कर लिया ।

22. हम में एकता ना होकर देश टुकड़ों में बंट जाएगा ।

(A) हमें एकता ना होती तो देश टुकड़ों में बंट जाता ।

(B) हम में एकता ना होगी तो देश टुकड़ों में बंट जाएगा ।

(C) हम में एकता ना होती देश टुकड़ों में बंट जाता ।

(D) हम में एकता ना होकर देश टुकड़ों में बंट जाता ।

23. कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई ।

(A) रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई ।

(B) कई रेलवे के कर्मचारी की गिरफ्तारियां हुई ।

(C) कई रेलवे के कर्मचारी गिरफ्तार हुए ।

(D) रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारियां हुई ।

24. आपका पत्र सधन्यवाद मिला ।

(A) आपका पत्र मिला । धन्यवाद ।

(B) आपका पत्र मिला । सधन्यवाद ।

(C) आपका पत्र धन्यवाद सहित मिला ।

(D) आपका पत्र धन्यवाद सहित पहुंचा ।

25. वह धन का लालची है, फिर वह साधु नहीं है ।

(A) उसे लालच है, फिर भी वह साधु नहीं है ।

(B) वह लालची है, फिर वह साधु नहीं है ।

(C) वह धन का लालची है, फिर भी वह साधु नहीं है ।

(D) वह धन का लालची है, वह साधु नहीं है ।

26. वे सब कालचक्र के पहिए के नीचे पिस गए ।

(A) वे सब कालचक्र के पहिए के नीचे पीसे गए ।

(B) वे सब काल के नीचे पिस गए ।

(C) वे सब कालचक्र के पहिए के नीचे घिस गए ।

(D) वे सब काल-चक्र के नीचे पिस गए ।

27. इस बात के कहने में किसी को संकोच न होगा ।

(A) इस बात को कहने में किसी को संकोच न होगा ।

(B) यह बात को कहने में किसी को संकोच न होगा ।

(C) इस बात के बोलने में किसी को संकोच न होगा ।

(D) यह बात कहने में किसी को संकोच न होगा ।

28. हल्का सा हवा का झोंका आया ।

(A) हवा का हल्का-सा झोंका आया ।

(B) आया झोका हवा का हल्का सा ।

(C) हल्का सा झोंका हवा का आया ।

(D) हवा का झोंका हल्का सा आया ।

29. वहां भारी-भरकम भीड़ जमा थी ।

(A) वहां भारी-भरकम भीड़ एकत्र थी ।

(B) वहां से भारी-भरकम भीड़ इकट्ठा थी ।

(C) वहां भारी भीड़ लगी थी ।

(D) वहां पर भारी-भरकम भीड़ जमा थी ।

30. गोदान प्रेमचंद की एक श्रेष्ठ उपन्यास है ।

(A) गोदान प्रेमचंद का एक श्रेष्ठ उपन्यास है ।

(B) प्रेमचंद का श्रेष्ठ उपन्यास है गोदान ।

(C) गोदान प्रेमचंद का एक श्रेष्ठ सर्वोत्तम उपन्यास है ।

(D) गोदान एक श्रेष्ठ उपन्यास है प्रेमचंद का ।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 35 तक) :** निम्नलिखित वाक्यों को सावधानी से पढ़ने के बाद अशुद्ध अंश की पहचान करके (A), (B), (C) में से त्रुटि से संबंधित अक्षर को उत्तर पत्रक में लिखिए । अगर कोई त्रुटि नहीं है, तो (D) के माध्यम से सूचित कीजिए ।

31. यह मगध देश की भाषा (A) होने के कारण इसका नाम (B) मागधी पड़ गया । (C) कोई त्रुटि नहीं (D)

32. अभंग एक प्रकार का (A) मराठी छंद (B) होता है । (C) कोई त्रुटि नहीं (D)

33. हमारा कर्तव्य है कि (A) दुखियों की सहायता (B) की जाए । (C) कोई त्रुटि नहीं (D)

34. उस वन में (A) प्रात: काल के समय (B) बहुत ही सुहावना दृश्य होता था । (C) कोई त्रुटि नहीं (D)

35. सब चिंता (A) दूर होने से (B) मन शांत हो गया । (C) कोई त्रुटि नहीं (D)

**निर्देश (प्रश्न संख्या 36 से 40 तक) :** निम्नलिखित तत्सम शब्दों के लिए चार–चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं । इनमें से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

36. अवगत

(A) पतन

(B) दीनता

(C) विदित

(D) रुकावट

37. अली

(A) धुरी

(B) सखी

(C) भंवरा

(D) बिजली

38. उत्ताप

(A) श्रेष्ठ

(B) उल्टा

(C) खुदाई

(D) कष्ट

39. अवलंब

(A) तुरंत

(B) अगम्य

(C) सहारा

(D) असमर्थ

40. अंबुधि

(A) सागर

(B) बादल

(C) कमल

(D) आग

1125077 1125077 1125077 1125077 1125077

**निर्देश (प्रश्न संख्या 41 से 45 तक) :** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग-अलग शब्द लिखे हुए हैं । इन शब्दों में से उपयुक्त विलोम शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

41. गौतम बुद्‌ध अनासक्त थे ।

(A) कृपालु

(B) निष्कपट

(C) उदार

(D) आसक्त

42. समाज के विकास के लिए भ्रष्टाचार का उन्मूलन आवश्यक है ।

(A) रोपण

(B) शुष्क

(C) नष्ट

(D) अनुपजाऊ

43. कोणार्क मंदिर वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है ।

(A) निकृष्ट

(B) निष्ठुर

(C) सुंदर

(D) शुक्ल

44. ऋषि की बातों में गूढ़ रहस्य छिपे हैं ।

(A) प्रकट

(B) अगूढ़

(C) लघु

(D) महत्वपूर्ण

45. कौसानी की नैसर्गिक सुषमा मन मोह लेती है ।

(A) साफ

(B) विजाति

(C) निर्जन

(D) कृत्रिम

**निर्देश (प्रश्न संख्या 46 से 50 तक) :** निम्नलिखित वाक्य या वाक्यांश के लिए चार-चार शब्द दिए गए हैं । इनमें से उपयुक्त शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**46.** लौट कर आया हुआ

(A) प्रहरी

(B) पारलौकिक

(C) प्रत्यागत

(D) पथ प्रदर्शक

**47.** जो मोक्ष चाहता हो

(A) अमर

(B) तपस्वी

(C) मुमुक्षु

(D) ऋषि

**48.** जिसके हृदय में ममता नहीं है

(A) नास्तिक

(B) उद्धत

(C) निर्दय

(D) निर्मम

**49.** देखने योग्य

(A) पारदर्शी

(B) सरसिज

(C) सुंदर

(D) दर्शनीय

**50.** जिसे पृथ्वी से सम्बद्ध है

(A) सात्विक

(B) अमर

(C) पार्थिव

(D) प्राकृतिक

PMW Civil Sprinto